बिहार पर्यटन विभाग एवं भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के मध्य समझौता

चर्चा में क्यों?

- 22 अगस्त, 2023 को बिहार में रिवर क्रूज पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये पर्यटन विभाग और भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के साथ समझौता हुआ है।

प्रमुख बिंदु

- 300-300 पर्यटकों की क्षमता वाले रो पैक्स वैसेल नाम के दो जलयान पटना और भागलपुर में चलेंगे। दोनों जलयान राज्य में क्रूज पर्यटकीय सुविधाओं के लिहाज से आकर्षण के नए केंद्र होंगे।
- जलयान एमवी स्वामी परमहंस का परिचालन पटना के दीघा घाट से कंगन घाट तक होगा।
- पर्यटक क्रूज पटना के सभी घाटों का परिभ्रमण करते हुए कंगनघाट से गुरु गोबिंद सिंह की जन्मस्थली तख्त श्री हरमिंदिर साहिब के भी दर्शन के लिये जा सकेंगे।
- वहीं, भागलपुर में एमवी राजेंद्र प्रसाद जलयान कहलगाँव, सुल्तानगंज, बटेश्वर स्थान होते हुए विक्रमशिला (डॉल्फिन सेंचुरी) के बीच संचालित होगा।
- यह जलयान करीब 15 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से पटना और भागलपुर के गंगा घाटों की सैर कराएगा। परीक्षण सफल होने के बाद इसके व्यावसायिक कार्यक्रम का उद्घाटन आने वाले दिनों में उपमुख्यमंत्री करेंगे।
- बिहार पर्यटन विकास निगम ने जलयान की किराये की सूची भी जारी कर दी है। जलयान से 45 मिनट घूमने के लिये आम लोगों को 300 रुपए देने पड़ेंगे।
- एक घंटे की पैकेज बुकिंग का किराया 30000 रुपए, 2 घंटे का 50000 रुपए, 4 घंटे का 100000 रुपए, 6 घंटे का 125000 रुपए और 8 घंटे का 150000 रुपए निर्धारित किया गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/agreement-between-bihar-tourismdepartment-inland-waterways-authority-of-india